>

Title: Need to approve the water supply project of Satna Municipal Corporation under the U.I.D.S.S.M.T. Scheme.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं भारत सरकार के शहरी विकास मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सतना मध्य प्रदेश के शहरी क्षेत्र की जलापूर्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति प्रदान करने की ओर दिलाना चाहता हूँ। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा यूआईडीएसएसएमटी योजना के तहत 24 जून, 2009 को राज्य स्तरीय बैठक में 11 नगरीय क्षेत्रों के लिए प्रस्ताव स्वीकृत हेतु शहरी विकास मंत्रालय को भजा गया था। जिनमें सतना नगर निगम क्षेत्र की जलापूर्ति हेत 73 करोड़ लागत की परियोजना शामिल थी। पुनः मध्य प्रदेश सरकार ने 13 जून, 2011 को सतना नगर निगम क्षेत्र को प्राथमिकता नं1 पर रखते हुए 19 प्रस्ताव भेजे थे, जिसमें से 10 प्रस्तावों को मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किया गया था। परंतु दुर्भाग्य है कि प्रथम प्राथमिकता होते हुए भी सतना नगर निगम का प्रस्ताव स्वीकृत नहीं किया गया है। मैंने समय-समय पर लोकसभा में इसकी स्वीकृति हेतु मंत्री जी का ध्यान भी आकृष्ट कराया था और मंत्रालय से पूर्व में पत्राचार भी कर चुका हूँ। महोदया, मेरी आपके माध्यम से शहरी विकास मंत्री जी से अपील है कि मेरे संसदीय क्षेत्र सतना में भयंकर पेयजल की समस्या तथा शहर का विस्तार तेज गति से होने के कारण पुरानी पाइन लाइन, सीवर लाइन आदि का गंभीर संकट हे। अतः प्राथमिकता के आधार पर सतना नगर निगम के प्रस्ताव की स्वीकृति देने की कृपा करें। ज्ञात हुआ है कि स्वीकृति नहीं दी जा रही है, जो पक्षपात की श्रेणी में आएगा।